# सांस्कृतिक व ऐतिहासिक स्मृतियों पर प्रस्तुत किया व्याख्यान

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** साहित्य अकादमी तथा भारत में लिथुआनिया गणराज्य के दूतावास के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को साहित्य मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भाषा शास्त्र संकाय, विलनिअस यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष एवं लिथुआनिया के पूर्व संस्कृति मंत्री मिंडौगस क्वितकौस्कस ने विलनिअस तथा उसकी सांस्कृतिक व ऐतिहासिक स्मृतियों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। पॉवर पाइंट प्रजेंटशन के साथ दिए गए व्याख्यान में कई चित्र और सूचनाएं थीं। उन्होंने बताया कि लिथुआनिया में लगभग 20 भाषाएं बोली जाती हैं लेकिन 12 भाषाएं प्रमुख हैं। इनमें पोलिश, जर्मन, लैटिन, हिब्रू, रशियन, कतर, लिथुआनिआई, रोमानियन आदि हैं। उन्होंने वहा की प्रसिद्ध कवयित्री जुडिता के बारे में भी बताया, जिसने आधुनिक लिथुआनिआई साहित्य में वहां के पूर्वजों की पीड़ा को प्रस्तुत किया।